be undertaken during VIII Plan period.

(4) Comprehensive tribal malaria control measures in tribal areas of the country by using different intervention methods for control of Malaria is being proposed.

(5) Intensive health education to enlist active people's participation in malaria control activities.

(c) Yes, Sir. Out of nine types of mosquitoes known in the country to transmit malaria three, namely, *Anopheline Culci-facks Anopheline Stephensi* and *Anopheline annolaris* have developed resistance to the conventional insecticides like DDT, BHC and malathion.

I'd) Field trial and extended trials are in progress with alternative insecticide like synthetic pyrethroids, namely, Deltameth-rin, Cyfluthrin and Lambdacyhaluthrin to evaluate their efficacy in the control of malaria. In addition field trial are also being under taken with biocides for their use in the malaria programme.

शिशु मृत्यु–दर में कमी लाने के लिए विशेष कार्य योजना

2420. श्रीमती सरला माहेश्वरी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में शिशु मृत्यु-दर में संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है ;

(ख) क्या शिशु मृत्यु-दर में कमी करने के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ): (क) भारत के महापंजीयक द्वारा किए गए नमूना पंजीयन सर्वे के अनुसार, वर्ष 1990 के दौरान देश में शिशु मृत्यु-दर प्रति हजार जीवित जन्मों पर 80 थी ।

(ख) और (ग) भारत में शिशु मृत्यु–दर कम करने के लिए शिशु जीवन रक्षा और सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवाओं का एकीकृत पैकेज प्रदान किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के निम्न-लिखित घटक हैं ;

(i) सन् 1995 तक नवजात शिशुओं में टेटनस के निवारण के लिए, सन् 2000 तक पोलियो मेलरजुशोथ का उन्मूलन करने एवं खसरे पर नियंत्रण पाने के लिए तथा वैक्सीन निवारणीय अन्य रोगों के लिए व्यापक रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम का कार्यान्वियन ;

(ii) सन् 2000 तक पांच वर्ष की आयु तक के बच्चों में 70 प्रतिशत अति-सार से होने वाली मौतों को रोकने के लिए मुखीय पुर्नजलपूरण चिकित्सा कार्यक्रम;

(iii) आयरन और फॉलिक एसिड की गोलियां देकर गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पकता की रोकथाम के लिए मौजूदा रोग-निरोधन कार्यक्रम को व्यापक बनाना;

(iv) तीन वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए विटामिन "ए" देकर, "ए" की कमी के कारण होने वाली अन्धता की रोकथाम के लिए मौजूदा रोग-निरोधन कार्यक्रम को व्यापक बनाना;

(v) पांच वर्ष की आयु से कम के बच्चों के लिए तीव्र श्वसनीय संक्रमणों की रोकथाम से संबंधित कार्यक्रम को शुरू करना और बढ़ाना;

(vi) परा-चिकित्सीय महिला कार्य-कर्ताओं को सामुदायिक स्तर पर मिड-वाइफरी किट प्रदान करके, पारम्परिक दाईयों को प्रति जन्मे बच्चे पर दस रुपये के बढ़े हुए सूचित शुल्क की अदायगी,